मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 17/02/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 96/2026
17 फरवरी 2026
झारखंड विधानसभा, रांची
==========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड विधानसभा के षष्ठम सत्र के पंचम (बजट) सत्र के सुचारु संचालन एवं "बजट" की रूपरेखा को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक।
==========================

झारखंड विधानसभा के षष्ठम सत्र के पंचम (बजट) सत्र (18 फरवरी से 19 मार्च 2026 तक) के सुचारु संचालन एवं बजट की रूपरेखा को लेकर आज मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कक्ष, झारखंड विधानसभा में उच्चस्तरीय बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में राज्य की अर्थव्यवस्था, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की दावोस में आयोजित 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' में भागीदारी का वर्णन किया गया, जहाँ उन्होंने विश्व के नीति निर्माताओं, औद्योगिक दिग्गजों एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के साथ द्विपक्षीय चर्चाएँ कीं, जिससे राज्य में निवेश के नए अवसर खुल सकें, इस पर भी विचार-विमर्श हुआ। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने ट्राईबल वेलफेयर, स्कॉलरशिप एवं राज्य के जनहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट सत्र ससमय आयोजित हो तथा इसकी तैयारी सुचारु रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग की भूमिका अत्यंत

महत्वपूर्ण है, अतएव विभाग की तैयारी में कोई कमी न रहे। सत्ता दल एवं विपक्षी विधायकों के प्रश्नों एवं बजट संबंधी सवालों पर पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाए।

उक्त बैठक में वित्त मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, विकास आयुक्त श्री अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव श्री प्रशांत कुमार सहित वित्त विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

===========================

#Team PRD(CMO)